पत्रांक–8/अ०शि०9–03/2025.............

**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

सेवा में,

**महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार**
बीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा– **वित्त विभाग,**
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक ........................../

विषयः– **बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्ग नियमावली, 2025 के गठन के फलस्वरूप सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (वेतन स्तर–5) के 935 पद एवं शिक्षा विकास पदाधिकारी(वेतन स्तर–6) के 568 पद (प्रोन्नति का प्रथम स्तर) अर्थात् कुल 1503 (एक हजार पाँच सौ तीन) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।**

**आदेशः–स्वीकृत।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्ग नियमावली, 2025 के गठन के फलस्वरूप राज्य में संचालित प्राथमिक विद्यालयों, मध्य विद्यालयों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था, विद्यालयों के सतत् निरीक्षण, अनुश्रवण एवं शिक्षा के विकास तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विद्यालय स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी एवं शिक्षा विकास पदाधिकारी के कुल 1503 (एक हजार पाँच सौ तीन) पदों का सृजन किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| **क्र० सं०** | **पद का नाम** | **प्रस्तावित वेतन स्तर** | **नये सृजित किये गये पदों की संख्या** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी | लेवल–5 | 935 | मूल कोटि |
| 2. | शिक्षा विकास पदाधिकारी | लेवल–6 | 568 | प्रोन्नति का प्रथम स्तर |
| | | **कुल** | **1503** | |

2. उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय रूपये 1,03,72,38,845/– (एक अरब तीन करोड़ बहत्तर लाख अड़तीस हजार आठ सौ पैंतालीस रूपये मात्र) है। अनुमानित व्यय–विवरणी अनुसूची–01 के रूप में संलग्न है।
3. उक्त राशि का विकलन विपत्र कोड–21–2202020010002 से किया जायेगा।
4. दिनांक–16.05.2025 को सम्पन्न प्रशासी पद वर्ग समिति की बैठक में मद संख्या–4 के रूप में उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त है।
5. दिनांक–03.06.2025 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–28 के रूप में उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
(अमित कुमार पुष्पक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः—08/अ०शि०9—03/2025........................ पटना, दिनांक ..............................

प्रतिलिपिः—प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई—गजट प्रशाखा), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह०/—
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः—08/अ०शि०9—03/2025........................ पटना, दिनांक ..............................

प्रतिलिपिः—सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/बिपार्ड, गया एवं पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः—08/अ०शि०9—03/2025....564........ पटना, दिनांक ....17/06/25....

प्रतिलिपिः—राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/सभी निदेशक/प्रबंध निदेशक/संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/सभी उप निदेशक/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/6/25

सरकार के उप सचिव